पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस - नोट

दिनांक- 08-04-2024

विषय:- 20 लीटर अवैध शराब के साथ थाना रामनगर पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक- 07.04.2024 को डोमरी गंगा घाट जाने वाले रोड थाना रामनगर वाराणसी से 20 लीटर अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त विनोद साहनी पुत्र स्व0 रामजी निवासी सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना रामनगर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण अभियुक्त पूछताछ- अभियुक्त विनोद साहनी पुत्र स्व0 रामजी निवासी सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी पूछताछ में बताया कि साहब यह जो कच्ची शराब मेरे पास से आपको मिला है इस शराब को बेचकर मैं अपना व अपने परिवार का जीवन यापन करता हूँ। साहब मुझसे गलती हो गयी। मुझे माफ कर दीजिए अब ऐसी गलती दोबारा नही करूंगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- विनोद साहनी पुत्र स्व0 रामजी निवासी सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी उम्र 35 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 श्री उमेश कुमार राय चौकी प्रभारी सूजाबाद थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- उ0नि0 श्री शिवम सोनी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 अतुल कुमार यादव थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।